# बिहार विधान सभा सचिवालय

## आवश्यक सूचना

सप्तदश बिहार विधान सभा का चतुर्दश-सत्र शुक्रवार, दिनांक-28 फरवरी, 2025 को 11.00 बजे पूर्वा॰ से बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में प्रारंभ होगा । इसके उपरांत माननीय राज्यपाल का अभिभाषण बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में 11:30 बजे पूर्वा॰ में प्रारम्भ होगा ।

सत्र के दौरान प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल सहित सदन की अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यवाहियों का सीधा प्रसारण आकाशवाणी केंद्र, पटना से किया जायेगा । साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी **https://webcast.gov.in/biharvs**, **https://vidhansabha.bihar.gov.in** तथा **Youtube Channel**- " **Bihar Vidhan Sabha TV** " पर देखा जा सकता है । डी डी बिहार चैनल, दूरदर्शन केन्द्र, पटना से भी सदन की अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण किया जायेगा ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनाधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं॰-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे ।

ख्याति सिंह<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान सभा, पटना ।